**HIN1B04b - Contrôle continu / Examen final : 28 mai 2009**
**Corrigé-type - mai 2013**

**Première partie : traduisez en hindi**

1) मुझे अहमदाबाद से अपने घर/यहाँ वापस जाना था/लौटना था, इसलिए बस लेने बस-अड्डे (पर) चला गया। वहाँ बड़ी भीड़ थी।

2) मैं अपनी बस का इन्तज़ार/की प्रतीक्षा कर रहा था कि एक आदमी/व्यक्ति/शख़्स मेरे पास आकर/आया और मुझसे बसों के बारे में पूछताछ करने लगा (... एक आदमी ने मेरे पास आकर मुझसे बसों के बारे में पूछताछ करना शुरू किया/पूछताछ करनी शुरू कर दी)। (वह) देखने में (वह) पढ़ा-लिखा लगता था और अमीर भी।

3) (सबसे) पहले उसने मुझसे जेबकटरों से सावधान रहने को कहा (उसने मुझसे कहा कि मैं जेबकटरों से सावधान रहूँ/... कहा "आप जेबकटरों से सावधान रहिए") फिर इधर-उधर की बातें करने के बाद (उसने) मुझे अपनी अटैची सौंप दी और "अभी आया/आता हूँ" कहकर (वह) चला गया।

4) जब (वह) थोड़ी/कुछ देर बाद वापस आया/लौटा/लौट गया तो मैं भी, अपना सामान उसके पास छोड़कर, पानी पीने चला गया।

5) लेकिन जब मैं वापस आया/लौटा तो न (तो) वह आदमी यहाँ था न मेरा सामान। मैंने उनकी बहुत/बड़ी तलाश की/मैं उनको ढूँढता रहा लेकिन वे मुझे कहीं नहीं मिले।

6) तब/तभी तो मुझे समझ आया/मेरी समझ में आ गया/मैं समझ गया कि मुझे (धोखा देकर) दिन-दहाड़े ठगा गया था और मुझे अपनी बेवक़ूफ़ी/मूर्खता पर ग़ुस्सा आया/आ गया।

**Deuxième partie : complétez et suivez les consignes**

1) a) पर्यटक ने नाचती हुई लड़कियों की तस्वीर खींची।

b) विदेशी छात्र आँखें बन्द किए फ़रीदा ख़ानुम की एक ग़ज़ल सुन रहे थे।

2) a) लड़की सब मेहमानों के लिए चाय बनाकर लाई थी।

b) छात्रों ने कॉलेज से निकलकर पार्क में चक्कर लगाया था।

3) दिलीप को राकेश से ज़्यादा अंक मिले हैं लेकिन प्रताप को उससे भी ज़्यादा अंक मिले हैं। वैसे सबसे ज़्यादा अंक तो रवि को मिले हैं। बात यह है कि चारों लड़कों में से वही सबसे मेहनती है और साथ-साथ वही सबसे कम शैतानी/शैतानियाँ करता है।

4) a) हमें सड़क पर कई लोग दिखाई दिए जिन्होंने भी बाहर सोने का फ़ैसला किया था।

b) जो लोग हमें सड़क पर दिखाई दिए उन्होंने भी बाहर सोने का फ़ैसला किया था।

5) a) हालाँकि मैं उसके कमरे के सामने ही रहता था फिर भी/लेकिन उससे बात कम ही करता था।

b) उसके कमरे के सामने ही रहने पर भी/के बावजूद मैं उससे बात कम ही करता था।

6) a) जैसे ही/ज्यों ही दीदी कॉलेज से आती थी (वैसे ही/त्यों ही) हम लोग खाना शुरू करते थे।

b) दीदी के कॉलेज से आते ही हम लोग खाना शुरू करते थे।

7) a) पर्यटकों को ताज महल देखने कब ले जाया गया था ?

b) अरे, थोड़ी देर यहाँ रुका जाए, बच्चे थके हुए हैं !

c) इन छात्राओं से इतने मुश्किल शेर याद नहीं किए जाएँगे !

d) विदेशी पर्यटकों को दुकानदार (के) द्वारा तरह-तरह के ज़ेवरात दिखाए गए थे।

8) a) तुम्हें आइस क्रीम फिर नहीं खाना/खानी चाहिए ! गला ख़राब हो जाएगा !

b) मुझे भाई से उनके दफ़्तर पर मिलना था इसलिए उस दिन कॉलेज नहीं गई थी।

c) ट्रेन सात घंटे लेट थी । मुसाफ़िरों को रात प्लेटफ़ार्म पर ही बैठे-बैठे गुज़ारनी पड़ी थी ।

d) तुम्हें उन बच्चों से नहीं लड़ना चाहिए था । अब, ज़ाहिर है कि वे प्रिंसिपाल के पास जाकर तुम्हारी शिकायत करेंगे !

9) तुम अपने बच्चों के बारे में इतना फ़िक्र मत किया करो ! देखो, जब हम जवान थे तो हम लोग भी इसी तरह सफ़र किया करते थे, अकेले ही रात को दूर-दूर जाया करते थे, अजनबी लोगों से बात किया करते थे, सस्ते होटलों में सोया करते थे, ढाबों का खाना खाया करते थे : क्या कभी कुछ हुआ हमें ? नहीं, और डर भी बिलकुल नहीं लगता था ।

10) a) पड़ोसिन ने अध्यापिका को मेरी बहन की प्रशंसा करते हुए सुना था ।

b) क्या तुमने कुछ लड़कों को राजू का बस्ता ले जाते हुए नहीं देखा ?

11) राजू अपने कमरे में बैठा एक गिलास पानी पीने ही वाला था कि उसकी बहन ने सहसा दरवाज़ा खोल दिया/खोल डाला//उसकी बहन सहसा दरवाज़ा खोल बैठी/गई । बेचारा चौंक उठा/पड़ा/गया, गिलास उसके हाथ से निकल गया/पड़ा और गिरकर फ़र्श पर टूट गया । तिस पर वह ग़ुस्से से चिल्ला उठा/दिया : "अबे, यह तुमने क्या कर डाला/दिया/मारा // तुम क्या कर बैठीं ? अन्दर आने से पहले दस्तक नहीं दे सकती थीं ?"

12) a) अगर कल बारिश होगी तो हम बच्चों को सिनेमा ले जाएँगे ।

(अगर कल बारिश हो तो हम बच्चों को सिनेमा ले जाएँगे । Si jamais il pleut, au cas où il pleuvrait… )

b) अगर पड़ोसी हमारे दरवाज़े के आगे कूड़ा फिर डालेगा तो हम पुलिस-थाने जाकर शिकायत करेंगे !

अगर पड़ोसी ने हमारे दरवाज़े के आगे कूड़ा फिर डाला तो हम पुलिस-थाने जाकर शिकायत करेंगे !

13) a) अगर तुम घर से जल्दी निकलते तो तुम्हें (हमेशा) देर (हमेशा) न होती ।

b) अगर उसने हमें बताया होता कि वह नहीं आएगी तो हमने उसका इन्तज़ार व्यर्थ में न किया होता ।

(अगर वह हमें बताती कि वह नहीं आएगी तो हम उसका इन्तज़ार व्यर्थ में न करते ।)

14) a) इन लड़कियों को कत्थक सीखते हुए दो साल हो गए होंगे ।

b) मुझे उन लोगों से मिले कम से कम दो साल हो चुके हैं ।

15) a) तुम बिना दाँत ब्रश किए/दाँत ब्रश किए बग़ैर नहीं सो सकते !

b) उस दिन माँ खाना खाए बिना/बिना खाना खाए मंदिर चली गई थी ।

16) मेरा/मेरे एक भाई है जिसे/जिसको विदेशी भाषाएँ सीखने में बहुत/बड़ी दिलचस्पी है । वह केवल/सिर्फ़ तेरह साल का है/उसकी उम्र केवल तेरह साल (ही) है लेकिन उसे अभी से पाँच भाषाएँ आती हैं और उसे स्कूल की तरफ़ से इटली, स्पैन, जर्मनी और इंग्लैंड जाने का मौक़ा मिल चुका है । जब भी वह उन देशों के किसी रहनेवाले से मिलता है, वह उससे उसी की भाषा में बात करने की कोशिश करता है ।

17) शुरू में लड़की ने बोलने से/बात करने से इनकार किया लेकिन हमारे इसरार करने पर उसने इस तरह शिकायत करना शुरू किया : "पता नहीं क्यों लेकिन मेरे माँ-बाप मुझे/मुझको घर से निकलने/बाहर जाने नहीं देते जबकि वे भाई को बाहर खेलने की इजाज़त/अनुमति देते हैं । माँ मुझसे घर के बहुत सारे काम करवाती है : कपड़े धुलवाती है, खाना बनवाती/पकवाती है । आख़िर यह सब कब तक चलता रहेगा, मैं भी तो पढ़ाई करना चाहती हूँ !"